# कांग्रेस ने अमानवीयता की हद पार की : रिजिजू

## मोदी की दिवंगत मां पर बना वीडियो विवादित, एआई वीडियो से गरमाई सियासत

**नईदिल्ली, 12 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस द्वारा साझा किए गए एआई वीडियो पर अब केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है.**

उन्होंने कांग्रेस को 'फ्रॉड गैंग' कहते हुए राहुल गांधी पर सीधा निशाना साधा है. कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए एक एआई वीडियो को लेकर देश की राजनीति में गर्मी बढ़ती जा रही है. अब केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू भी इस विवाद में कूद पड़े हैं. उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर ट्वीट करते हुए कहा कि कांग्रेस की अमानवीयता की भी एक सीमा होती है.पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को बार-बार निशाना बनाना न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि यह दिखाता है



कि कांग्रेस अब नैतिकता और मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ चुकी है.रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस ने जनता का विश्वास और अपनी विश्वसनीयता दोनों खो दी है.कोई आश्चर्य नहीं कि कांग्रेस पार्टी लगातार चुनाव हार रही है. उन्होंने राहुल गांधी को अहंकारी और अराजक बताते हुए कहा कि उन्हीं के इशारे पर कांग्रेस की फ्रॉड गैंग इस प्रकार के नकली और अपमानजनक वीडियो बना रही है.

### प्रधानमंत्री की मां का अपमान, जनता बर्दाश्त नहीं करेगी : शाहनवाज़

**पटना.** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज़ हुसैन ने कहा कि कांग्रेस ने अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से निर्मित वीडियो के ज़रिए प्रधानमंत्री की माँ का अपमान करने का एक अलग तरीका अपनाया है, जिसे जनता बर्दास्त नहीं करेगी. हुसैन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ का फिर से अपमान करने के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की और चेतावनी दी कि देश और बिहार की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी.

### कांग्रेस ने किया हर मां का अपमान : रेखा

बिहार कांग्रेस द्वारा जारी एक एआई वीडियो ने देश की राजनीति में उबाल ला दिया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर बने इस वीडियो पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे हर मां की गरिमा के खिलाफ बताया है.देश की राजनीति में एक बार फिर मां को लेकर सियासत गरमा गई है.कांग्रेस द्वारा जारी किए गए एक एआई वीडियो ने बवाल खड़ा कर दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता का चित्रण किया गया है.इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांग्रेस पर हर मां की गरिमा का



अपमान करने का आरोप लगाया है.रेखा गुप्ता ने कहा कि यह केवल एक नेता की मां नहीं, बल्कि भारत की हर मां का अपमान है.उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक मर्यादाओं की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब राहुल गांधी के इशारे पर हो रहा है.

# आतंकवाद पर यूपी-एफएटीएफ में चर्चा

**नई दिल्ली, 12 सितंबर. फ्रांस की राजधानी पेरिस में कल भारत और फ्रांस ने आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संयुक्त कार्य समूह जेडब्ल्यूजी की 17वीं बैठक की.**

बैठक में दोनों पक्षों ने पहलगाम आंतकी हमले की निंदा की और संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ और एनएमएफटी (आतंकवाद के लिए धन नहीं देने) में सहयोग पर चर्चा भी की.आतंकवाद पर संयुक्त कार्य समूह में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया. फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फ्रांस के आतंकवाद-रोधी राजदूत ओलिवियर कैरन ने किया.दोनों पक्षों ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की.



### पहलगाम हमले की निंदा की


भारत और फ्रांस के आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और संगठित अपराधों को भी कार्य समूह की वार्ता के दायरे में लाने की जरूरत पर बल दिया है.संयुक्त कार्य समूह ने संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में सहयोग पर भी चर्चा की.भारत-फ्रांस आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह की गुरुवार को पेरिस में हुई 17वीं बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद निरोधक) के.डी. देवल ने और फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फ्रांस के आतंकवाद निरोधक प्रतिनिधि ओलिवियर कैरन ने किया. उन्होंने दोनों देशों में मौजूदा खतरे का आकलन कर विचारों का आदान-प्रदान किया.

# अरविंद केजरीवाल ने की मदद की घोषणा

### भगवंत मान बोले- राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 12 सितंबर. इस संकट की घड़ी में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए ऐलान किया है कि दिवाली से पहले सभी बाढ़ पीड़ितों को मुआवज़ा प्रदान किया जाएगा.**

सर्वेक्षण कार्य एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा और डेढ़ महीने में चेक बनकर तैयार होंगे. मुख्यमंत्री मान ने साफ कहा कि राहत कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं. पहले की सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो लोग 26 या 40 रुपये के चेक पाते थे, अब ऐसा नहीं होगा. अब हर पीड़ित को उसका हक मिलेगा. वहीं, मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन किसानों के खेतों में रेत और मिट्टी आ गई है, उसे हटाने के लिए सरकार जेसीबी खरीदेगी। अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरदावरी के उपरांत किसानों को एक सप्ताह का समय आपत्तियों के लिए भी दिया जाएगा। क्योंकि अक्सर यह देखने को मिलता हैं कि जो प्रभावशाली लोग होते हैं उनके फार्म तो भर जाते हैं लेकिन छोटे किसानों को फार्म नहीं भरे जाते. इसलिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी शिकायत आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. अब केवल घग्गर नदी ही चढ़ी हुई हैं लेकिन उसका नुकसान पंजाब में नहीं है.



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पंजाब सरकार को हर संभव मदद देने की बात कही है. पंजाब में इस साल आई विनाशकारी बाढ़ ने राज्य के 23 में से 12 जिलों को अति गंभीर स्थिति में डाल दिया है. करीब 1400 गांव अब भी जलमग्न हैं और अब तक 55 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. दर्जनों लोग लापता हैं और ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य शहरों से संपर्क टूट चुका है. सरकार ने मुआवजे की प्रक्रिया के लिए एक सख्त समयसीमा तय की है.


### रूसी क्षेत्रीय चुनावों में मतदान शुरू

**मास्को, 12 सितंबर.** रूस के केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) ने शुक्रवार को कहा कि पूरे रूस में क्षेत्रीय एवं नगरपालिका चुनावों के लिए मतदान शुरू हो गया है जिसमें लगभग 5.5 करोड़ नागरिक मतदान करने के पात्र हैं.शुक्रवार से पूरे देश में चुनाव होंगे.मतदाता राज्यपालों, क्षेत्रीय विधान सभाओं और नगर परिषदों का चुनाव करेंगे. 20 क्षेत्रों में राज्यपाल पद के लिए चुनाव हो रहे हैं, 11 क्षेत्रों में विधानसभाओं के लिए चुनाव और 25 प्रशासनिक केंद्रों में नगर परिषदों के लिए चुनाव हो रहे हैं.रविवार तक 49,500 से ज़्यादा मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक खुले रहेंगे.

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने किए रामलला के दर्शन

### पत्नी संग की आरती और पूजन, जलाभिषेक भी किया

**अयोध्या 12 सितम्बर (वार्ता). मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीन चंद्र रामगुलाम ने शुक्रवार को श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के दिव्य दर्शन सपरिवार किए.**



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ अनिल मिश्र और राममंदिर के प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव ने राममंदिर परिसर पहुंचने पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीन चंद्र रामगुलाम उनकी धर्मपत्नी का स्वागत किया.प्रधानमंत्री के साथ उनका परिवार और और उनके साथ आया प्रतिनिधि मंडल भी दर्शन कर रहा है. प्रधानमंत्री अपनी धर्मपत्नी के साथ प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन के बाद आरती भी की.राममंदिर परिसर में बने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ग्रीन हाउस में प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम अपने प्रतिनिधियों, ट्रस्ट के पदाधिकारी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राममंदिर के निर्माण की प्रगति का डिजिटल अवलोकन किया. कुबेर टीला जाकर कुबेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया. राममंदिर में दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीन चंद्र रामगुलाम का काफिला सुरक्षा घेरे में महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे. अब मॉरीशस के प्रधानमंत्री का काफिला वायुसेना के विशेष विमान से देहरादून प्रस्थान कर गया.

## एक नजर में



### नेपाल में हुए विरोध प्रदर्शनों में 51 लोगों की मौत

**काठमांडू, 12 सितंबर.** नेपाल में गत सोमवार से शुरु हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गयी है. काठमांडू पोस्ट ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी है.इसमें कहा गया है कि नेपाल पुलिस के सह-प्रवक्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश थापा ने शुक्रवार को बताया कि मरने वालों में 47 नेपाली नागरिक, तीन पुलिसकर्मी, एक भारतीय नागरिक शामिल हैं.मृतकों में से 36 के शव महाराजगंज स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में रखे गये हैं.यहां इन शवों का पोस्टमार्टम हुआ था.

### पूर्व अमेरिकी सीनेटर की पत्नी को जेल

**न्यूयॉर्क, 12 सितंबर.** अमेरिका में 11 साल की जेल की सजा काट रहे पूर्व अमेरिकी सीनेटर बॉब मेनेंडेज़ की पत्नी नादिन मेनेंडेज़ को गुरुवार को एक अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार योजना में शामिल होने के आरोप में साढ़े चार साल की जेल की सजा सुनाई गई.यह जानकारी न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने दी.नादिन मेनेंडेज़ को अप्रैल में अपने पति बॉब मेनेंडेज़ की ओर से लाखों डॉलर की रिश्वत लेने का दोषी ठहराया गया था.पूर्व सीनेटर बॉब मेनेंडेज़ पर अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके मिस्र के अधिकारियों और न्यू जर्सी के व्यापारियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया है.इसमें आगे कहा गया है कि मेनेंडेज़ को रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी सहित सभी 15 मामलों में दोषी पाया गया है.बॉब मेनेंडेज़, जिन्होंने साढ़े अठारह साल तक न्यू जर्सी से अमेरिकी सीनेटर के रूप में कार्य किया और सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष रहे, अब रिश्वत लेने, जबरन वसूली करने और मिस्र सरकार के एजेंट के रूप में काम करने के आरोप में 11 साल की जेल की सज़ा काट रहे हैं.

### गोण्डा में राजस्व निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गोण्डा,12 सितम्बर.** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कर्नलगंज तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक को एंटी करप्शन टीम नें दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को कर्नलगंज तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक संजय शुक्ला नें शाहपुर गांव के रहने वाले किसान रामकुमार ने अपनी जमीन की पैमाइश कराने के लिए धारा-24 के तहत न्यायालय में वाद दायर किया था. अदालत ने राजस्व निरीक्षक संजय शुक्ला को पैमाइश कर रिपोर्ट लगाने के आदेश दिए थे लेकिन आरोपी नें पैमाइश के नाम पर पीड़ित से दस हजार रुपये की मांग की.

# सरकार के फैसले से हताश युवक ने आत्महत्या

**लातूर (महाराष्ट्र), 12 सितंबर. महाराष्ट्र के लातूर जिले में मराठा आरक्षण की सरकार की घोषणा से कथित तौर पर हताश होकर अन्य पिछड़ा वर्ग के एक 35 वर्षीय कार्यकर्ता ने मंजारा नदी में कूदकर जान दे दी.**

पुलिस के मुताबिक युवक ने आशंका जताई थी कि मराठों को आरक्षण देने के राज्य सरकार के फैसले से ओबीसी कोटे पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है.रेनापुर तालुका के वांगदारी गांव के भरत महादेव कराड ने कई वर्षों तक ओबीसी आरक्षण के विरोध-प्रदर्शनों में भाग लेने के बाद गुरुवार को यह कथित तौर पर यह आत्मघाती कदम उठाया.लातूर के पुलिस अधीक्षक के अनुसार कराड के सुसाइड नोट से पता




चला है कि वह ओबीसी बचाओ आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल था.उसे लगने लगा था कि सरकार ने मराठा समुदाय के लिए हैदराबाद गजट लागू करके ओबीसी समुदाय के साथ विश्वासघात किया है.मृतक कराड एक ऑटोरिक्शा ड्राइवर था.उसके परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं.उसके परिवार के पास थोड़ी-बहुत कृषि भूमि है.

पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि लोगों ने कराड को मंजारा में कूदते देखा.उनके कपड़े नदी किनारे मिले.घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में कराड ने लिखा था कि वह अपना बलिदान इसलिए कर रहे हैं ताकि उनके समुदाय को न्याय मिल सके.सुसाइड नोट को सत्यापन के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों के पास भेजा गया है.इस दुखद घटना ने मराठवाड़ा क्षेत्र में अशांति पैदा कर दी है.राज्य सरकार द्वारा मराठों को कुनबी का दर्जा देने के लिए हैदराबाद राजपत्र को आधार मानने के सरकारी प्रस्ताव के बाद ओबीसी समुदाय में रोष फैल गया.

## आज का इतिहास

1791 फ्रांस के राजा लुई14वें ने नया संविधान अंगीकार किया।

1882 एंग्लो-मिस्र युद्ध- तेल अल केबिर की लड़ाई लड़ी गई।

1914 प्रथम विश्व युद्ध- जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई।

1922 पोलैंड की संसद ने जिडायनिया बंदरगाह निर्माण अधिनियम पारित कर दिया गया।

1923 स्पेन में सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली और तानाशाह सरकार की स्थापना की।

# शरजील, उमर की जमानत याचिका पर कोर्ट में सुनवाई 19 तक स्थगित

**नई दिल्ली, 12 सितंबर. उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के आरोपियों जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र नेता शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 19 सितंबर तक स्थगित कर दी गयी.**

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई को टालते हुए कहा कि संबंधित मामले के दस्तावेज देर रात से प्राप्त होने के कारण वह उन्हें नहीं देख पाई है.इस वजह इस मामले की सुनवाई करना मुश्किल है. आरोपियों ने दिल्ली



उच्च न्यायालय के दो सितंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था.दिल्ली दंगों के आरोपियों इमाम, खालिद और अन्य को गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था.उन पर दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश रचने के आरोप हैं.

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर की 50 लाख की संपत्ति की कुर्क

**श्रीनगर, 12 सितंबर . जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में पुलिस ने शुक्रवार को एक संदिग्ध मादक पदार्थ के तस्कर की 50 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की है. पुलिस ने कहा कि मादक पदार्थों से संबंधित कानून एनडीपीएस के तहत आवासीय संपत्ति कुर्क की है.**

कुर्क की गयी संपत्ति में 5 मरला और 68 वर्ग फीट भूमि पर एक मंजिला आवासीय मकान शामिल है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये है. यह संपत्ति लछमनपोरा के पास बटमालू के रहने वाले वसीम अहमद बाफंदा की है. पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई जदीबल पुलिस थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 2025 में दर्ज शिकायत के आधार पर की गयी, जिसमें बाफंदा को आरोपी पाया गया था. पुलिस ने अपने बयान में कहा,आरोपी व्यक्ति एक कुख्यात नशीले पदार्थों का सौदागर है और उसका ड्रग तस्करी में संलिप्तता का इतिहास रहा है. वह मुख्य रूप से स्थानीय युवाओं को निशाना बनाता रहा है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है. जांच से पता चला कि उपरोक्त संपत्ति अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित की गई थी.

### सीधी भर्ती विवाद पर कोर्ट की सुनवाई 23 को

**नई दिल्ली, 12 सितंबर.** उच्चतम न्यायालय ने जिला न्यायाधीश के पद पर सीधी भर्ती से संबंधित एक विवाद सुलझाने के लिए 23 से 25 सितंबर तक सुनवाई करने का प्रताव किया. मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति एससी शर्मा और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें निर्धारित कीं और दोनों पक्षों को अपनी दलीलें पेश करने लिए डेढ़-डेढ़ दिन (कार्य दिवस के दौरान) का समय दिया है.शीर्ष अदालत संविधान के अनुच्छेद 233(2) की व्याख्या से संबंधित कुछ सवालों पर विचार करेगी.

# बघेल ने किया एपी के दुग्ध संगठन का दौरा

**तिरुपति, 12 सितंबर. केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्रीजा महिला दुग्ध उत्पादक संगठन का दौरा किया और स्थानीय डेयरी उद्यमियों के साथ व्यापक चर्चा की. उन्होंने संगठन के कामकाज का जायजा भी लिया.**

उन्होंने लखपति दीदी जिन्होंने उल्लेखनीय वित्तीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं को सम्मानित किया और ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन में उनके असाधारण योगदान की सराहना की।

प्रोफेसर बघेल ने शुक्रवार को क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने एवं स्थायी आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने में श्रीजा



की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने पारंपरिक डेयरी से आगे बढ़कर मुर्गीपालन, जलीय कृषि और सूअरपालन जैसे उद्यमशीलता गतिविधियों में महिलाओं को शामिल होने की वकालत की।

इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से स्थानीय शासन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं एवं सामुदायिक विकास कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया.

श्रीजा की स्थापना के बाद से ही राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने इसकी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. हाल ही में, एनडीडीबी की मदद से संस्था ने कादिरी और कडप्पा क्षेत्रों में परीक्षण के रूप में 200 एकड़ मक्का और 100 एकड़ सूरजमुखी की खेती के लिए बीज का उत्पादन शुरू किया जिसके परिणामस्वरूप किसानों को अच्छा लाभ प्राप्त हुआ.

## धर्म संसद

### भारत का उत्थान मानवता के लिए- दत्तात्रेय होसबले

# देशभक्ति और देवभक्ति दोनों जरूरी : शंकराचार्य

**कांचीपुरम (तमिलनाडु),12 सितम्बर. कांची कामकोटि पीठाधीश्वर पूज्य शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती महाराज की पावन सन्निधि में शुक्रवार को चन्द्रशेखरेंद्र सरस्वती विश्व महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा धर्म संसद का भव्य शुभारंभ हुआ.**

इस आयोजन में देशभर से आए शोधार्थी, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित 800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.यह विविधताओं से भरे भारत का जीवंत दर्शन बना. उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय




होसबले जी ने कहा कि भारत का उत्थान किसी को दबाने के लिए नहीं बल्कि मानवता के कल्याण हेतु हो रहा है.धर्म केवल 'रिलीजन' नहीं बल्कि कर्तव्य है.उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है और सच्चा मनुष्य वही है जो धर्म और आचरण का पालन करता है. आज का भारत धर्मनिष्ठ होना चाहिए, क्योंकि धर्मनिष्ठ समाज ही जीवन के हर प्रश्न का उत्तर दे सकता है. इसके बाद पूज्य शंकराचार्य जी ने कहा कि सेवाज्ञ द्वारा आयोजित यह आयोजन कांचीपुरम और अयोध्या के गौरवशाली संबंध को मजबूत करने का माध्यम है.उन्होंने युवाओं से **ट्रेड, ट्रेडिशन और टेक्नोलॉजी** को साथ लेकर चलने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि भारत की भाषाएं भले अनेक हों, किंतु भक्ति भाव एक होना चाहिए.शिक्षा पद्धति भारतीय संगीत, नृत्य, कलाकृति और शास्त्रीय परंपरा पर आधारित होनी चाहिए.

संत मिथिलेशनंदिनी शरण महाराज ने कहा कि आधुनिकता और पुरातनता को जोड़ने की परंपरा ही सनातन धर्म का वास्तविक स्वरुप है.उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज समाज का ध्यान केवल भौतिक सुखों तक सीमित है—क्या खाएं, क्या पहनें? लेकिन जीवन का असली प्रश्न यह है कि हम जन्मे क्यों हैं और किस उद्देश्य से जन्मे हैं.युवा धर्म संसद आत्म-स्वरुप को पहचानने और जीवन का ध्येय खोजने का माध्यम है.

# सीमा बंद के फैसले पर एक बार फिर पुनर्विचार किया जाए

**मास्को 12 सितंबर. (वार्ता). रूस ने पोलैंड से बेलारूस के साथ सीमा बंद करने के अपने फैसले पर जल्द से जल्द पुनर्विचार करने का आह्वान किया है.**

रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने गुरुवार को यह जानकारी दी.उन्होंने कहा कि पोलैंड की कार्रवाई का उद्देश्य यूरोप के मध्य में तनाव को और बढ़ाने की नीति को उचित ठहराना है.उन्होंने कहा, पोलैंड की एकतरफा कार्रवाई से उसके उन अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को गंभीर नुकसान होगा जो पोलैंड-बेलारूसी सीमा का इस्तेमाल व्यापारिक आदान-प्रदान के लिए करते हैं.पौलेंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि उनका देश बेहद आक्रामक रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास ज़ापद- के सिलसिले में गुरुवार आधी रात से बेलारूस के साथ अपनी सीमा पूरी तरह से बंद कर देगा.ज़खारोवा ने ज़ोर देकर कहा कि ये अभ्यास नियमित रूप से उचित सार्वजनिक कवरेज के साथ आयोजित किए जाते हैं और पोलैंड सहित यूरोपीय सुरक्षा और सहयोग संगठन के सभी भागीदार देशों के प्रतिनिधियों को अभ्यास देखने के लिए आमंत्रित किया गया था.बेलारूस विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को पोलैंड के प्रभारी राजदूत को तलब किया.

### वैष्णो देवी यात्रा 14 को फिर से होगी शुरू

**जम्मू 12 सितंबर.** जम्मू कश्मीर के प्रसिद्ध तीर्थस्थल माता वैष्णों देवी की यात्रा 19 दिनों बाद, 14 सितंबर से फिर से शुरू होगी. तीर्थ बोर्ड के अधिकारियों ने इस संबंध में सूचना देते हुए कहा, खराब मौसम और तीर्थ स्थल तक जाने वाले रास्ते की मरम्मत के कारण अस्थाई तौर पर रोकी गयी पवित्र स्थल तक की यात्रा अब 14 सितंबर से दोबारा शुरू होगी. यह मौसम के हालात पर भी निर्भर करेगा. अधिकारियों ने तीर्थ यात्रियों को सलाह देते हुए कहा कि वे वैध पहचान पत्र को साथ रखें और नियत रास्ते पर ही चलें तथा मौजूद कर्मियों से सहयोग करें. पारदर्शिता और यात्रियों की स्थिति का पता लगाने आरएफआईडी-आधारित ट्रैकिंग अनिवार्य रहेगी.